RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार, 14 नवंबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 179 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी ®

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## ठाणे जिले में व्यापार के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधड़ी, दो गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले से धोखधड़ी का एक मामला सामने आया है. मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. यहां एक व्यापारी के साथ साझेदारी में चलाई गई साड़ी की दुकान से 77 लाख रुपये का सामान कथित रूप से ले जाने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है. एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी. वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक चेतन काकड़े ने बताया कि यह घटना 18 सितंबर की रात को भिवंडी शहर स्थित दुकान में हुई. उन्होंने कहा कि व्यापारी की शिकायत के आधार पर, दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 406 ( आपराधिक विश्वासघात ) और 34 ( साझा इरादा ) के तहत मामला दर्ज किया गया था.

## नवी मुंबई से 27 लाख 39 हजार कीमत के
# घटिया मसाला पाउडर जब्त...!



**ठाणे :** ठाणे के खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग ने कम गुणवत्ता वाले मसाले के संदेह में नवी मुंबई से 27 लाख 39 हजार कीमत का स्टॉक जब्त किया। इसमें मुख्य रूप से हल्दी, धनिया, मसाला पाउडर आदि शामिल हैं। इससे मसाला व्यापारियों में खलबली मच गई है। ठाणे एफडीए के कोकण विभाग के संयुक्त आयुक्त सुरेश देशमुख ने बताया कि वहां से खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत खाद्य पदार्थों के 5 नमूने जांच के लिए भेजे गए है। उनकी रिपोर्ट मिलते ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो कि खाद्य और औषधि प्रशासन ने विभिन्न खाद्य पदार्थों के साथ-साथ खाद्य तेल और पाउडर मसाले की गुणवत्ता और गुणवत्ता सुनिश्चित और गारंटी देकर सभी आम जनता को स्वस्थ, स्वच्छ और सुरक्षित खाद्य पदार्थों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया है। जिनका दैनिक जीवन में नियमित रूप से उपयोग किया जाता है। तदनुसार, 10 नवंबर 2022 को, ठाणे एफडीए ने मैसर्स वैदिक स्पाइसेस प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर ए -362, महापे एमआईडीसी, टीटीसी औद्योगिक क्षेत्र, नवी मुंबई, महापे, में छापा मारकर वहां से 296 किलो हल्दी पाउडर, 3998 किलो धनिया पाउडर, 6498 किलो मिर्च पाउडर, 5454 किलो जीरा पाउडर और 2498 किलो करि पावडर इस प्रकार कुल 27 लाख 39 हजार रुपए मूल्य का सामान जब्त किया है।

### रिपोर्ट प्राप्त होते ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत खाद्य प्रतिष्ठानों से कुल 5 खाद्य नमूने सरकारी विश्लेषण के लिए लिए गए हैं और उनकी रिपोर्ट प्राप्त होते ही उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई खाद्य और औषधि प्रशासन विभाग के कोंकण विभाग के संयुक्त आयुक्त (खाद्य) सुरेश देशमुख के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राहुल ताकाटे एवं सहायक आयुक्त (खाद्य), अशोक पारधी की उपस्थिति में की गयी है।

## मुंबई एयरपोर्ट पर
# 61 किलो सोना जब्त...!

### 32 करोड़ है कीमत, 5 पुरुष और 2 महिलाएं गिरफ्तार



**मुंबई : मुंबई एयरपोर्ट कस्टम ने एक ही दिन में 61 किलो सोना जब्त किया है. शुक्रवार (11 नवंबर) को मुंबई एयरपोर्ट कस्टम ने जो 61 किलोग्राम सोना जब्त किया उसकी कीमत 32 करोड़ रुपये है. दो अलग-अलग मामलों में सात यात्रियों (5 पुरुष और 2 महिलाएं) को गिरफ्तार किया गया है. मुंबई एयरपोर्ट कस्टम के इतिहास में एक दिन में ये अब तक की सबसे बड़ी बरामदगी है.**

पहले मामले में चार भारतीय यात्री तंजानिया से आए जिनके पास से 53 किलो सोना बरामद किया गया. आरोपी बड़ी चालाकी से सोने की तस्करी कर रहे थे. आरोपियों ने इसे अपनी कमर बेल्ट में छुपाया था. चारों के पास से 28.17 करोड़ रुपये मूल्य का 53 किलोग्राम सोना बरामद किया गया. आरोपियों को दोहा हवाई अड्डे पर सूडानी राष्ट्रीयता के एक व्यक्ति ने ये सोना सौंपा था.

### जींस में छुपाया था सोना...!

एक अन्य मामले में खुफिया जानकारी के आधार पर मुंबई एयरपोर्ट कस्टम के अधिकारियों ने तीन यात्रियों (एक पुरुष और दो महिला) से 3.88 करोड़ रुपये मूल्य का 8 किलोग्राम सोना जब्त किया है. ये लोग दुबई से विस्तारा फ्लाइट से आए थे. मोम के रूप में गोल्ड डस्ट को इन्होंने अपनी जींस में छुपाया था. तीनों यात्रियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है. मामले में आगे की जांच चल रही है.

### तंजानिया से आए यात्री गिरफ्तार

अधिकारियों ने बताया कि तलाशी ऑपरेशन के दौरान कतर के दोहा से 4 भारतीय यात्री यहां पहुंचे. पूछताछ करने पर पता चला कि ये तंजानिया से आ रहे हैं. उक्त यात्रियों की तलाशी के दौरान 53 किग्रा सोना बरामद किया गया. आरोपियों ने अपनी बेल्ट में सोने की बिस्किट छुपाई थीं. पूछताछ के दौरान चारों यात्रियों ने कबूल किया है कि उन्हें एक अज्ञात सूडानी व्यक्ति ने दोहा हवाई अड्डे पर में ये सोना दिया था. चारों को गिरफ्तार कर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है.

# शिंदे गुट में तकरार

### शिंदे गुट के पार्टी विधायक ने मंत्री दादा भुसे पर लगाए कई आरोप, मामला सीएम तक पहुंचा

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की बालासाहेबांची शिवसेना (शिंदे गुट) में तकरार की खबर है। जानकारी के मुताबिक, एक विधायक सुहास कांदे ने पार्टी के कुछ फैसलों पर सवाल खड़े किए हैं। इतना हीं नहीं उन्होंने सरकार में मंत्री दादा भुसे पर भी नजरअंदाज किए जाने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से की है। नासिक विधायक सुहास कांदे का कहना है कि सरकार में मंत्री दादा भुसे उन्हें लगातार नजरअंदाज कर रहे हैं। क्षेत्र का विधायक होने के बाद भी उन्हें अहम बैठकों में नहीं बुलाया जा रहा है।



**संगठन में चुने गए गलत लोग**

कांदे ने आरोप लगाया कि जिला स्तर पर संगठन में गलत लोगों को चुना गया है। उन्होंने कहा, संगठन में की गईं नियुक्तियों की उन्हें जानकारी नहीं दी गई, उन्हें अखबार से इनके बारे में पता चला। उन्होंने आरोप लगाया है कि जो नियुक्तियां की गई हैं, वह पार्टी को मजबूत करने के नहीं हैं। इसकी शिकायत उन्होंने सीएम एकनाथ शिंदे से की है। हालांकि, उन्होंने कहा कि वह अंतिम सांस एक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ हैं।

# मुंबई में नौसेना के जवान ने किया सुसाइड....!

### सर्विस राइफल से खुद को मारी गोली

**मुंबई :** में एक 25 साल के नेवी सेलर की आत्महत्या का मामला सामने आया है. इस नौजवान नेवी सेलर ने खुद को गोली मार ली. घटना शनिवार, 12 नवंबर 2022 को दोपहर के वक्त घटी. फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. कोलाबा पुलिस ने इस मामले में फि लहाल अअक्रदर्ज की है और आगे की जांच कर रही है. पुलिस का कहना है कि जब सेलर ने आत्महत्या की, उस समय वो शिप पर तैनात थे. फिलहाल आत्महत्या की वजह अभी तक पता नहीं चल पाई है. उधर, घटना के बाद नौसेना ने इसके जांच के आदेश दिए हैं. नेवी अधिकारी ने बताया की जब वो लोग मौके पर पहुंचे तो उन्होंने देखा की सेलर जवान मृत पड़ा था और उसके



बगल में सर्विस राइफल थी.

**डेपुटेशन पर था नौसना का जवान...**

बताया गया है कि ये नौसना का जवान डेपुटेशन पर था और जहाज पर तैनात था. इसी दौरान उसने आत्महत्या कर ली. नेवी सेलर ने कथित तौर पर अपनी सर्विस राइफल से खुद को गोली मारी है. उसने जब ये आत्महत्या की उस समय वो ड्यूटी पर ही थी. पुलिस ने इस मामले में एक्सीडेंटल डेथ रिपोर्ट दर्ज की है. तो वहीं नौसने ने भी जांच के आदेश दे दिए हैं.

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# महामहिम और टकराव!

यूं तो राज्यपाल व राज्य सरकारों के बीच टकराव कोई नई बात नहीं है। दिल्ली में आप सरकार व उप राज्यपाल के बीच टकराव का अंतहीन सिलसिला जारी रहा है। महाराष्ट्र में शिवसेना गठबंधन की सरकार और राज्यपाल की भूमिका को लेकर प्रश्न उठे। पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस लंबे समय तक राज्यपाल को वापस बुलाने की मांग करती रही है। फिलहाल ताजा विवाद दक्षिण के तीन राज्यों में नये सिरे से उभरे हैं। जहां राज्यपाल अपने अधिकारों के उपयोग की बात कर रहे हैं तो राज्य सरकारें खुद को निर्वाचित बताकर अपनी बात को तरजीह दे रही हैं। विवाद का बड़ा केंद्र केरल की वाम सरकार का वह कदम बना हुआ है जिसमें एक अध्यादेश के जरिये राज्यपाल को विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति के रूप में मिले अधिकारों को खत्म करने की कोशिश हुई है। दूसरी ओर, तेलंगाना में राज्यपाल ने उनके फोन टैप करने की आशंका व्यक्त की है। विवाद के तीसरे केंद्र तमिलनाडु में राज्य सरकार ने राज्यपाल पर सरकार के कामकाज में दखल देने का आरोप लगाकर राष्ट्रपति से उन्हें हटाने की मांग की है। दरअसल, केरल में विवाद की शुरूआत तब हुई जब राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने प्रदेश के ग्यारह कुलपतियों की नियुक्ति पर सवाल उठाते हुए उन्हें इस्तीफा देने को कहा। एक अन्य विवाद में उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर राज्य के वित्तमंत्री के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा। इस मांग को राज्य सरकार के काम में हस्तक्षेप बताते हुए वाम सरकार ने राज्यपाल के खिलाफ मुहिम चलाने की बात कही। इसी कड़ी में सरकार ने अध्यादेश के जरिये राज्यपाल को कुलाधिपति के रूप में दिये अधिकारों से वंचित करने का प्रयास किया। यद्यपि राज्य सरकार की दलील है कि उच्च शिक्षा में सुधार के मकसद से यह फैसला लिया गया है। वैसे राज्य सरकार गाहे-बगाहे राज्यपाल पर अपनी सीमाओं के उल्लंघन के आरोप लगाती रही है। ऐसे में इस विवाद का शीघ्र पटाक्षेप संभव नहीं लगता।

आप सरकार व एलजी विवाद की पृष्ठभूमि में यह तर्क दिया जाता है कि दिल्ली सरकार का स्वरूप पूर्ण राज्य वाला नहीं है, जिसके चलते सीमाओं के अतिक्रमण की गुंजाइश बनी रहती है। लेकिन केरल, तेलंगाना और तमिलनाडु में ऐसे विवादों का खड़ा होना चिंता की बात है। केरल के बाद अब तमिलनाडु में भी राज्य सरकार व राज्यपाल के बीच टकराव अपनी सीमाएं पार करने लगा है। यहां तक कि स्टालिन सरकार ने राष्ट्रपति से अपील कर डाली है कि राज्यपाल आर.एन. रवि को पदच्युत किया जाये। विवाद की गूंज दक्षिण के अन्य राज्य तेलंगाना में भी सुनाई दे रही है जहां राज्यपाल टी सुंदरराजन ने आशंका जताई है कि उनका फोन टैप किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य सरकार केंद्र के इशारे पर उसके विधायकों को तोड़ने की साजिश में राजभवन की भूमिका की आशंका जता चुकी है। बहरहाल, कारण जो भी हों एक संवैधानिक पद को लेकर उठ रहे विवाद लोकतंत्र के लिये सुखद संकेत कदापि नहीं कहे जा सकते। इस विवाद का समाधान हमें संवैधानिक प्रावधानों के अनुरूप ही तलाशना होगा क्योंकि विगत में राजग से इतर सरकारें भी लोकतांत्रिक ढंग से चुनी गई सरकारों को बनाने-गिराने के खेल में शामिल रही हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# महिलाओं के लिए विशेष प्रकार का शौचालय

## भंगार बसों में बनेगा शौचालय




**मुंबई :** महानगर मुंबई में जनता के लिए तमाम सुविधाएं उपलब्ध करानेवाली मनपा अब महिलाओं के लिए विशेष प्रकार का शौचालय बनाने की योजना पर काम कर रही है। इसके लिए मनपा ने महिलाओं के लिए 'टॉयलेट ऑन व्हील' योजना बनाई है। इसके तहत बेस्ट की पुरानी बसों को खरीदकर उसे गुलाबी रंग दिया जाएगा और उसमें शौचालय के साथ कैफे भी होगा।


मनपा की यह योजना देश के कई राज्यों के बड़े शहरों में पहले से है। हैदराबाद, पुणे जैसे शहरों में यह योजना पहले से शुरू है। उसी तर्ज पर अब मुंबई में इसे शुरू किया जाएगा। मुंबई की महिलाओं के लिए यह नया अनुभव होगा। इस बारे मनपा उपायुक्त (कचरा व्यवस्थापन विभाग) चंदा जाधव ने बताया कि मुंबई जैसे कामकाजी शहर में महिलाओं को शौच के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में घर से बाहर निकलनेवाली महिलाओं के लिए विशेष शौचालय बनाने की योजना के तहत 'टॉयलेट ऑन' व्हील कॉन्सेप्ट को उतारा गया है। इसके तहत हम भंगार हो चुकी पुरानी बसों की मरम्मत कर उसे शौचालय में तब्दील करेंगे। जाधव ने बताया कि बेस्ट की भंगार बसों को मनपा, कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी योजना के तहत अधिग्रहित कर उसे गुलाबी रंग देगी। उसमें डेकोरेट कर उसके एक भाग में शौचालय और दूसरे भाग में कैफे बनाया जाएगा। इसके आसपास फूलों के गमले और साफ-सफाई का पूरा प्रबंध होगा। उन्होंने बताया कि यह पूरा काम जोन 'ए' की उपायुक्त संगीता हसनाले देख रही हैं। उनकी देख-रेख में परियोजना को जल्द पूरा किया जाएगा। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि बसों को बदलकर महिलाओं के लिए 'टॉयलेट ऑन व्हील्स' स्थापित करने की योजना पर काम तेजी से शुरू है। इसे पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर दक्षिण मुंबई के भायखला में शुरू किया जा रहा है। अगले एक महीने में इस परियोजना का लाभ महिलाएं ले सकेंगी। इस मोटर को शौचालयों को 'महिला साथी स्वच्छतागृह' अथवा 'गुलाबी सुविधा केंद्र' के रूप में जाना जाएगा।

# विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का दौर जारी



**मुंबई :** केंद्र की मोदी सरकार और आरबीआई कितना भी दावा कर ले कि देश की आर्थिक स्थिति अच्छी है, पर सच तो ये है कि आर्थिक मोर्चे पर देश का 'दम' निकल रहा है। हर सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट का दौर जारी है। गत सप्ताह एक बार फिर करीब एक लाख करोड़ रुपए की कमी विदेशी मुद्रा भंडार में आई है। जानकारों का मानना है कि अगर इसी तरह का कारभार चलता रहा तो अर्थव्यवस्था बहुत खराब दौर में पहुंच जाएगी। बता दें कि 'आरबीआई' का विदेशी मुद्रा भंडार गत ४ नवंबर को समाप्त हुए सप्ताह में १.१ अरब डॉलर घटकर ५२९.९९ अरब डॉलर रह गया। केंद्रीय बैंक द्वारा जारी ताजा आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार में यह गिरावट मुख्य रूप से आरबीआई के स्वर्ण भंडार में कमी की वजह से आई, जो ७०.५ करोड़ डॉलर फिसलकर ३७.०६ अरब डॉलर रह गया।

# 8 डॉलर की कमाई के चक्कर में एक कंपनी को 1,20,000 करोड़ रुपए का घाटा



**मुंबई :** जबसे दुनिया के सबसे बड़े अमीर शख्स एलन मस्क ने ट्विटर खरीदा है, तबसे विभिन्न कारणों से यह सुर्खियों में है। मस्क ८ डॉलर में ब्लू टिक वेरिफिकेशन बेचकर कमाई करने की सोच रहे थे। मगर इस ८ डॉलर की कमाई के चक्कर में एक कंपनी को १,२०,००० करोड़ रुपए का घाटा हो गया। इसे ट्विटर के ब्लू टिक का साइड इफेक्ट माना जा रहा है।

मिली जानकारी के अनुसार ८ डॉलर देकर कई यूजर्स ने फर्जी अकाउंट्स बना लिए और उल्टे-सीधे ट्वीट करने शुरू कर दिए हैं। अमेरिका की दिग्गज फार्मा कंपनी 'एली लीली' को इसके चक्कर में १५ अरब डॉलर (करीब १,२०,००० करोड़ रुपए) का नुकसान हुआ है। किसी ने ८ डॉलर देकर इंसुलिन बनाने वाली इस कंपनी के नाम पर ब्लू टिक ले ली और फिर इस फर्जी अकाउंट से ट्वीट कर दिया कि अब इंसुलिन फ्री में मिलेगी। फिर क्या था, शुक्रवार को कंपनी के शेयर औंधे मुंह गिर गए और उसका मार्केट कैंप १५ अरब डॉलर गिर गया।

ट्विटर ने दो दिन पहले ही ब्लू टिक सब्सक्रिप्शन शुरू किया था। इसमें कोई भी यूजर ८ डॉलर देकर ब्लू टिक ले सकता है। लेकिन कई यूजर्स ने इसका गलत फायदा उठाया। उन्होंने कई हस्तियों और जाने-माने ब्रांड्स के नाम पर ब्लू टिक ले ली। इसके बाद ट्विटर को मजबूरन यह सर्विस फिलहाल बंद करनी पड़ी। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। कम-से-कम 'एली लीली' को तो इससे भारी नुकसान हुआ है। कंपनी के फेक ट्विटर अकाउंट से गुरुवार को ट्वीट किया गया था कि अब इंसुलिन फ्री मिलेगी। इससे कंपनी के निवेशकों में हड़कंप मच गया और शुक्रवार को बाजार खुलते ही कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट आई।

# जिम में बेहतर जिंदगी बनाने की चाह में लोगों को मिल रही है मौत!

**मुंबई :** आज के भागमभाग व तनाव भरे दौर में लोग अपनी फिटनेस को लेकर हमेशा चिंता में रहते हैं। वे फिट दिखने के लिए जिम जाना पसंद करते हैं। सेलिब्रेटिज में यह चलन कुछ ज्यादा ही बढ़ा है। मगर इसका दुष्परिणाम भी देखने को मिल रहा है। जिम में लोग जरूरत से ज्यादा मेहनत करने के साथ ही सेहत को नुकसान पहुंचानेवाली डाइट तक लेते हैं। लेकिन जिम में बेहतर जिंदगी बनाने की चाह में लोगों को मौत मिल रही है। इसकी वजह हार्ट अटैक है।

पिछले कुछ महीनों में कई सेलिब्रिटीज को जिम करते वक्त या उसके कुछ देर बाद हार्ट अटैक आया। गत शुक्रवार ११ नवंबर को ४६ साल के एक्टर सिद्धांत सूर्यवंशी की जान 'जिम' ने ले ली। यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई सेलिब्रिटीज की जिम करने के दौरान जानें गई हैं। आखिर ये 'जिम' का फैशन क्यों लोगों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है? इस बारे में कई तरह की चर्चाएं सुनने को मिल रही हैं। सबसे पहले जिम संचालक लोगों को



तरह-तरह के प्रलोभन देकर अपना सदस्य बनाते हैं। इसके लिए महीना, ६ महीना या एक साल के मेंबरशिप पर अलग-अलग ऑफर दिए जाते हैं। अधिकांश जिम एसी होते हैं। एसी जिम में कसरत करते वक्त पसीना नहीं आता और न ही फ्रेश हवा मिलती है। जिम में सबसे अच्छी बाइसेप्स और मसल्स बनाने की होड़ लगी है। इसके लिए जिम ट्रेनर द्वारा प्रोटीन बार लिए जाने की सलाह दी जाती है। जिस पर अब सवाल उठने लग गए है। डॉक्टर संदीप गौड़ के मुताबिक जिम करनेवालों को इस 'प्रोटीन बार' से बचना चाहिए। देश में अधिकतर प्रोटीन बार चीन या अन्य स्थानों से मंगाई जाती है। इस प्रोटीन बार में क्या मिलाया गया है इसकी जानकारी अधिकतर लोगों को नहीं रहती। जिम करनेवालों को अधिकतर नेचुरल रिसोर्सेस का इस्तेमाल करना चाहिए।



# ‘खसरा हॉटस्पॉट’ गोवंडी, शहर में संदिग्ध मरीजों की संख्या 617



**मुंबई** : मुंबई में संक्रामक ‘खसरा’ रोग फैलना शुरू हो गया है। शहर में संदिग्ध मरीजों की संख्या ६१७ हो गई है, जबकि अब तक खसरे से ८४ बच्चे संक्रमित हो चुके हैं। इसी पृष्ठभूमि में केंद्रीय टीम भी मुंबई पहुंच चुकी है और इस टीम ने कल ‘खसरा हॉटस्पॉट’ गोवंडी का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। इस महामारी को लेकर मनपा भी सतर्क है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग ने घर-घर जाकर निरीक्षण अभियान चलाया है। इस अभियान के तहत अब तक ८०,६०३ घरों में निरीक्षण हो चुका है।

मनपा के ‘एम’ पूर्व गोवंडी विभाग में सितंबर व अक्टूबर महीने से खसरे का संक्रमण बढ़ा है। मुंबई में दो महीने में ८४, जबकि जनवरी से अब तक खसरे के कुल १०९ मामले सामने आए हैं। इसके बाद मनपा के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मी घर-घर जाकर सर्वे कर रहे हैं। इस बीच संदिग्ध मरीजों को विटामिन ‘ए’ दिया जा रहा है। जरूरत पड़ने पर मनपा के नजदीकी अस्पताल में इलाज कराया जा रहा है। इसके अलावा ९ माह और १६ माह के बच्चों के लिए टीकाकरण के अतिरिक्त सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इतना ही नहीं, चिकित्सा अधिकारियों द्वारा बच्चों की जांच भी की जा रही है। इस बीच मुंबई में खसरे के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने मुंबई में तीन सदस्यीय टीम का गठन किया है। इसमें राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र नई दिल्ली, लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली और क्षेत्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण कार्यालय, पुणे, महाराष्ट्र के विशेषज्ञ शामिल हैं। इस टीम का नेतृत्व डॉ. अनुभव श्रीवास्तव कर रहे हैं। टीम ने कल गोवंडी रफीक नगर विभाग और राजावाड़ी अस्पताल का दौरा किया।

# मुंबई में फिल्मी स्टाइल में लाखों की लूट कर यूपी भागे बदमाश...

**मुंबई** : मुंबई पुलिस ने पिछ्ले महीने भिवंडी के भीड़-भाड़ वाली सड़क पर दिन-दहाड़े 12 लाख की लूट करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. भिवंडी पुलिस ने 2 बैंक कर्मचारियों से लूट करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने इन आरोपियों को ट्रैक करके उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है. पुलिस के अधिकारियों ने शानिवार को आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने फिल्मी स्टाइल में योजनाबद्ध तरीके से चोरी की वारदात को अंजाम दिया. आरोपियों ने फूड डिलीवरी ऐप कर्मी की वर्दी पहनकर पुलिस को धोखा देने की योजना बनाई थी. लेकिन आरोपियों के ड्रेस कोड ने ही इनकी गिरफ्तारी में मदद की. इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज को स्कैन कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया.



पूरे मामले को लेकर पुलिस ने बताया कि घटना पिछले महीने यानी अक्टूबर के अंत की है. जब एक स्थानीय सहकारी बैंक शाखा का कैशियर और सुरक्षा गार्ड पैसे जमा करने के लिए आसपास के दूसरे बैंक जा रहे थे. तभी आरोपियों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया. बताया गया कि घटना का मास्टरमाइंड उत्तर प्रदेश का रहने वाला है, जो मुंबई में एक श्रमिक के रूप में काम करता है. उसी ने अपने 2 साथियों के साथ लूट की योजना बनाई.

### हाथों से छीन लिया पैसा

बताया गया कि बैंककर्मी रोजाना आसपास के दूसरे बैंकों में पैसा जमा करने जाते थे. जिसकी भनक आरोपी मास्टरमाइंड को लगी. इसके बाद उसने अपने दो साथियों के साथ लूट की योजना बनाई. तीनों आरोपियों ने उस मार्ग की रेकी की जिस रास्ते बैंककर्मी पैसा जमा करने जाते थे. घटना वाले दिन अन्य दो


### पुलिस ने यूं जाल बिछाकर किया गिरफ्तार

आरोपियों ने बाइक पर बैंककर्मियों का पीछा किया, जबकि मास्टरमाइंड बैंक के पास से उनके संपर्क में था. बैंककर्मियों का पीछा कर रहे दो आरोपियों ने मौका देखकर बैंककर्मी के हाथों से पैसों से भरा बैग छीना और फरार हो गए. पहचान छिपाने के लिए दोनों ने हेलमेट और फूड डिलीवरी ब्वॉय के कपड़े पहने हुए थे.

### सीसीटीवी फुटेज बना निर्णायक

**पूरे मामले को लेकर सहायक आयुक्त ‘किशोर खैरनार’ ने बताया कि पकड़े जाने से बचने के लिए आरोपी आपस में डेटा कॉल के माध्यम से जुड़े थे. लेकिन सीसीटीवी फुटेज से आरोपियों की आवाजाही को ट्रैक करने में मदद मिली. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज को ट्रैक किया तो उसके माध्यम से कल्याण के दर्जी को गिरफ्तार किया गया, जिसके बाद एक विशेष टीम यूपी के लिए रवाना हुई. जहां पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की मदद से मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार कर लिया. पुलिस ने आरोपियों के पास से लूट के 8 लाख रुपए बरामद कर तीनों को जेल भेज दिया है.**

# पुलिस डिपार्टमेंट में शिंदे सरकार का फेरबदल, 28 DCP का हुआ ट्रांसफर



**मुंबई** : महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में एक बड़े फेरबदल में, 28 पुलिस कमिश्नर और डिप्टी कमिश्नर पुलिस अधिकारियों का ट्रांसफर किया गया है। इन इस बार इन डिप्टी कमिश्नरों का ट्रांसफर करके अब उन अधिकारियों को वापस लाया गया है जिन्हें महाविकास आघाड़ी सरकार के दौरान एक तरह से साइड पोस्टिंग में भेज दिया गया था। इनमें से कुछ तो मुंबई के पूर्व पुलिस कमिश्नर परमबीर सिंह के साथ भी काम कर चुके हैं। हालाँकि इन ऊळढ के ट्रांसफर के अलावा जो अधिकारी नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे, उन्हें नियुक्ति के लिए पहले तय की गई जगहों से फिलहाल अलग जगहों पर भेजा गया है। गौरतलब है कि इसके पहले भी, बीते 7 नवंबर को, महाराष्ट्र पुलिस दल में अब तक का सबसे बड़ा फेरबदल हुआ था। ऊळढ एवं रढ रैंक के 115 क्ढर अधिकारियों का तबादला किया गया था। इसमें पुलिस अधिकारी ऐसे थे , जो पिछले काफी समय से नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे।

# कुत्ते ने काटा तो 10 हजार जुमार्ने के साथ इलाज का खर्च भी देगा मालिक

## जानिए- पालतू जानवरों के लिए नए नियम...



उत्तर प्रदेश के नोएडा में अगर आपने जानवर पाला है तो अब सावधान हो जाईये. नोएडा ऑथारिटी की बोर्ड बैठक में इसे लेकर कई अहम फैसले लिए गए हैं. अब कुत्ता या बिल्ली पालने वालों को लापरवाही करना महंगा साबित हो सकता है. बोर्ड की बैठक में पालतू जानवरों से किसी भी तरह की दुर्घटना होने पर जुमार्ने का प्रावधान किया गया है. इसके अलावा आपके जानवर से घायल हुए व्यक्ति का इलाज कराने की भी जिम्मेदारी आपकी ही होगी. यानी अगर आपका कुत्ता किसी को काट लेता है तो आपको उस शख्स का इलाज करवाना पड़ेगा.

### लगाया जाएगा जुमार्ना

इसके साथ ही अब पालतू कुत्तों / बिल्लियों का रजिस्ट्रेशन करवाना भी अनिवार्य कर दिया गया है. ऐसा नहीं करने पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा. जानवरों को वैक्सीन लगवाना भी अनिवार्य होगा और इसमें भी लापरवाही करने पर जुमार्ने का प्रावधान है. अगर आपका जानवर सार्वजनिक स्थल पर गंदगी फैलाता है तो उस जगह की सफाई भी आपको ही करनी होगी. नोएडा अथॉरिटी की सीईओ ने ट्वीट कर इस बारे में जानकारी दी है.

नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ने एक ट्वीट में कहा कि, आज की 207वीं बोर्ड की बैठक में आवारा/पालतू कुत्तों/पालतू बिल्लियों के लिए नौएडा प्राधिकरण की नीति निर्धारण के संबंध में निर्णय लिए गए. नौएडा क्षेत्र के लिए एनीमल वेलफेयर बोर्ड ऑफ इण्डिया की गाइडलाइन का अनुपालन करते हुये प्राधिकरण द्वारा नीति का निर्धारण किया गया है.

^ दिनांक 31.01.2023 तक पालतू कुत्तों / बिल्लियों का पंजीकरण अनिवार्य है. पंजीकरण न कराने की दशा में जुमार्ना लगाया जायेगा.

^ पालतू कुत्तों के स्ट्रेलाईजेशन / एण्टीरेबीज वैक्सीनेशन की अनिवार्यता की गयी है. उल्लंघन की स्थिति में (दिनांक 01.03.2023 से ) प्रतिमाह रू 2000/- का जुमार्ना लगाये जाने का प्राविधान.

^ आर0डब्लू0ए0/ए0ओ0ए0 / ग्राम निवासियों की सहमति से बीमार / उग्र / आक्रामक हो चुके स्ट्रीट डॉग्स हेतु डॉग्स शेल्टर का निर्माण जिनके रखरखाव का दायित्व सम्बन्धित आर0डब्लू0ए0 / ए0ओ0ए0 का होगा.

आउटडोर एरिया पर फीडिंग स्थल यथावश्यकता चिन्हीकरण जहां तथा खाने एवं पीने की व्यवस्था फीडर्स / आर0डब्लू0ए0 / ए०ओ०ए० द्वारा ही की जायेगी.

पालतू कुत्ते द्वारा सार्वजनिक स्थल पर गंदगी किये जाने पर उसकी सफाई की जिम्मेदारी पशुपालक की होगी.

पालतू कुत्ते/बिल्ली के कारण किसी अप्रिय घटना की स्थिति में ■10000/-आर्थिक दण्ड (दिनांक 01.03.2023 से) अधिरोपित किये जाने के साथ घायल व्यक्ति/ जानवर का उपचार पालतू कुत्ते के मालिक द्वारा किया जायेगा.


# आजम के रामपुर को जीतने के लिए बीजेपी की नई रणनीति

## इस दांव से क्या साथ आएंगे मुस्लिम?





केंद्र और प्रदेश में दो बार हिन्दुत्व के एजेंडे पर आगे बढ़कर सरकार बनाने वाली भाजपा ने रामपुर में होने वाले विधानसभा उप चुनाव में अपनी रणनीति बदल दी है। यहां पथरीली जमीं पर कमल खिलाने को छटपटा रही भाजपा अब मुस्लिम समाज को गले लगाने की बातें कर रही है। शनिवार को आयोजित अल्पसंख्यक पसमांदा सम्मेलन में ऐसा ही दिखाई दिया। दरअसल रामपुर विधानसभा सीट पर 40 फीसदी हिन्दू मतदाता हैं जबकि 60 प्रतिशत मुस्लिम वोटर। यहां सालों से सपा नेता मोहम्मद आजम खां का जलवा कायम है। ऐसे में बिना सेंधमारी के आजम का किला फतह करना भाजपा के लिए न सिर्फ चुनौती बल्कि मुश्किल सा है। यही वजह है कि भाजपा अपने अल्पसंख्यक मोर्चे के जरिए मुस्लिम मतदाताओं को रिझाने में लग गई है। शनिवार को इसी क्रम में महात्मा गांधी स्टेडियम में अल्पसंख्यक पसमांदा सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद, राज्यमंत्री बलदेव औलख, केंद्र सरकार में मंत्री रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता मुख्तार अब्बास नकवी पहुंचे, जो पूरे कार्यक्रम में ही मुस्लिमों को साधते और उन्हें रिझाते नजर आए।



# शख्स ने रची शैतानी साजिश!

## 40 वर्षीय शख्स ने बेटी को फुसलाकर सुसाइड नोट लिखवाया, फिर किया मर्डर...



**महाराष्ट्र:** एक 40 वर्षीय शख्स ने अपने रिश्तेदारों को फंसाने के लिए कथित तौर पर अपनी किशोरी बेटी को सुसाइड नोट लिखने के लिए बरगलाया और फिर उसे आत्महत्या का दिखावा करने के लिए कहा. इस दौरान उसने वास्तव में अपनी बेटी की हत्या कर दी. एक पुलिस अधिकारी ने शनिवार को बताया कि नागपुर शहर के कलामना इलाके में 6 नवंबर को 16 वर्षीय लड़की अपने घर में पंखे से लटकी मिली थी. उन्होंने बताया कि मजदूर का काम करने वाले शख्स को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया. पुलिस हत्या के पीछे की मंशा का पता लगाने के लिए जांच कर रही है.

कलामना पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने कमरे से मिले पांच सुसाइड नोट के आधार पर शुरूआत में लड़की की सौतेली मां, चाचा, चाची और दादा-दादी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया. लेकिन जांच के दौरान पीड़िता के पिता के मोबाइल फोन की जांच से पता चला कि आत्महत्या जैसी दिखने वाली घटना के पीछे एक शैतानी साजिश थी. पुलिस अधिकारी ने कहा कि 'मोबाइल फोन में हमें पीड़िता की आत्महत्या की कोशिश करते हुए एक तस्वीर मिली. बाद में ये पता चला कि उसने अपनी बेटी को ऐसा नाटक करने के लिए कहा था जैसे कि वह खुद को फांसी के फंदे से लटका रही हो और एक तस्वीर क्लिक की. इसके बाद उसने स्टूल को गिरा दिया. जिससे लड़की की मौत हो गई. उसने कहा कि वह अपने रिश्तेदारों को सबक सिखाना चाहता है.'

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 'इससे पहले उस शख्स ने अपनी लड़की से इन रिश्तेदारों के नाम पांच सुसाइड नोट लिखने को कहा था. जब लड़की ने फांसी लगाने का नाटक किया तो उस समय उसका पिता और 12 वर्षीय बहन मौके पर मौजूद थे. इसके बाद आरोपी घर से निकल गया. बाद में उसने पुलिस को फोन किया और दावा किया कि वह किसी काम से बाहर निकला था और लौटने पर उसने पाया कि उसकी बेटी ने खुद को फांसी लगा ली है.

# दहिसर पुलिस ने डाकिया-सब्जी वाला बनकर पकड़ा चोर

## खरीदार सहित 3 आरोपी यूपी से गिरफ्तार



**मुंबई :** दहिसर पुलिस ने एक साल पहले दहिसर ईस्ट के एक अपार्टमेंट से लाखों रुपए की चोरी की वारदात को सुलझाने का दावा किया है। पुलिस ने आरोपी की पहचान सलमान जुल्फिकार अंसारी (30), हैदर अली सैफी, आफताब हुसैनी सैफी (34) और चोरी के गहने खरीदने वाले खुशाल (36) के रूप में की है और इन्हें यूपी से गिरफ्तार कर मुंबई लाई है। पुलिस ने उसके पास से चोरी के गहने में से 18 लाख 7 हजार रुपए कीमत के सोने के गहने बरामद किया हैं।

पुलिस के मुताबिक, वारदात में शामिल चोरों के जितने भी सिम कार्ड थे उसके ट्रूकॉलर पर अलीबाबा नाम आता था, इसलिए पुलिस ने इस मिशन को अलीबाबा का नाम दिया। इस मिशन में आरोपी को पकड़ने के लिए जांच अधिकारी को कभी पोस्टमैन बनना पड़ा, तो कभी सब्जी वाला बनकर आसपास से जानकारी इकट्ठा की। पुलिस ने चोरों तक पहुंचने के लिए पिछले 11 महीने में 167 सीसीटीवी और 97 अलग-अलग कंपनी के सिम कार्ड खंगाले। इसके बाद कहीं जाकर पुलिस वारदात से जुड़े दो शातिर चोरों को पकड़ने में कामयाब हो पाई। पुलिस ने चोरी के गहने खरीदने वाले आरोपी को भी उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है।

# पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी सहित एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज...




**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के खारघर के नवकार रेजीडेंसी भवन में 20 लाख रुपए देकर एक सफाईकर्मी ने फ्लैट बुक कराया था। लेकिन पिछले सात साल से बिल्डर ने उसे फ्लैट नहीं दिया, जब सफाईकर्मी ने अपने पैसे वापस मांगे तो बिल्डर के पिता और पुत्र जातिसूचक शब्द का प्रयोग कर उसका अपमान किया। जिसके बाद सफाई कर्मी ने खारघर पुलिस स्टेशन में नवकार बिल्डर के मालिक पिता-पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी सहित एट्रोसिटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कराया है। मिली जानकारी के अनुसार अविनाश रहाटे नामक सफाई कर्मी ने खारघर स्थित नवकार रेजीडेंसी में एक फ्लैट बुक कराया था। इसके लिए उसने पहले फरवरी 2015 से जून 2016 की अवधि के दौरान बिल्डर को 944,000 रुपए और फिर 10,550,000 रुपए का भुगतान किया। लेकिन सिडको द्वारा नवकार रेजीडेंसी भवन पर कार्रवाई कर 2016 में उसे गिराने के बाद बिल्डर पियूष जैन ने उनके दूसरे प्रोजेक्ट में क्रमशः करंजाड़े और वाडघर में बन रहे नै बिल्डिंग में फ्लैट देने को राजी हो गए थे। लेकिन पिछले सात साल में उन्होंने फ्लैट नहीं दिया। जिससे परेशान होकर जब अविनाश ने अगस्त 2021 में अपने पैसे वापस मांगे, तो पियूष जैन ने भुगतान करने से इनकार कर दिया।

**पैसे वापस मांगने पर बिल्डर ने जातिसूचक गालियां दीं**

उसके बाद जैन पिता-पुत्र ने फरवरी 2022 में फ्लैट के लिए एग्रीमेंट का मसौदा तैयार किया और शेष 11 लाख रुपए फ्लैट के लिए भुगतान करने को कहा। लेकिन अविनाश ने यह राशि देने से इनकार कर दिया और अपने पैसे वापस मांगने लगा। इसलिए पीयूष जैन ने अविनाश को पिछले फरवरी में खारघर में मिलने के लिए आमंत्रित किया।

# केंद्र पर बरसे संजय राउत...

## दूषित हो गई है महाराष्ट्र की राजनीति, सच बोलने वाले दिल्ली में बैठे लोगों के दुश्मन



**मुंबई :** शिवसेना सांसद संजय राउत ने रविवार को दावा किया कि महाराष्ट्र का राजनीतिक माहौल प्रदूषित हो गया है, यहां कई लोग एक-दूसरे को नष्ट करने पर उतारू हैं। संजय राउत ने कहा कि नौ नवंबर को जेल से बाहर आने के बाद उन्हें फिर इस बात का अहसास हुआ।

**कहा-राजनीति अब जहरीली हो गई है...**

संजय राउत ने दावा किया कि महाराष्ट्र का राजनीतिक माहौल प्रदूषित हो गया है, यहां लोग एक-दूसरे को नष्ट करने पर उतारू हैं। शिवसेना नेता ने कहा कि जब मुझसे (महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता) देवेंद्र फडणवीस की टिप्पणी के बारे में पूछा गया कि राजनीति में कड़वाहट खत्म होनी चाहिए, तो मैंने जवाब दिया कि वह सच बोल रहे हैं और मीडिया ने कहना शुरू कर दिया कि मैं शांत हो गया हूं। संजय राउत ने दावा किया कि लोकतंत्र और स्वतंत्रता अब मौजूद नहीं है, ये अब केवल नाम हैं। राजनीति जहरीली हो गई है। ब्रिटिश शासन के दौरान ऐसा नहीं था। दिल्ली में आज के शासक वही सुनना चाहते हैं, जो वे चाहते हैं। जो ऐसा नहीं करते, उन्हें दुश्मन माना जाता है।

### ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले में संजय राउत को किया था गिरफ्तार

**प्रेट्र के मुताबिक, राज्यसभा सदस्य संजय राउत को प्रवर्तन निदेशालय ने इस साल एक अगस्त को धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। नौ नवंबर को मुंबई की एक अदालत ने उन्हें जमानत दे दी थी। रविवार को उन्होंने उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट के मुखपत्र 'सामना' में अपना साप्ताहिक कालम रोखठोक फिर से शुरू किया, जिसके वे कार्यकारी संपादक हैं। संजय राउत ने कहा कि घृणा की भावना है। राजनेता अब उस स्थिति में पहुंच गए हैं, जहां वे नहीं चाहते कि उनके विरोधी जीवित रहें।**

### चीन और पाकिस्तान दिल्ली के दुश्मन नहीं हैं

**संजय राउत ने कहा कि चीन और पाकिस्तान दिल्ली के दुश्मन नहीं हैं, लेकिन जो सच बोलते हैं और सीधे हैं, उन्हें दुश्मन माना जाता है और ऐसे राजनीतिक नेता देश के कद को कम करते हैं। गौरतलब है कि महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महा विकास आघाड़ी सरकार इस साल जून में शिवसेना नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विद्रोह के बाद गिर गई थी। बाद में भाजपा के समर्थन से एकनाथ शिंदे मुख्यमंत्री बने।**

# जेल से रिहा होने पर विधायक जितेंद्र अव्हाड ने कहा...

## इतिहास से छेड़छाड़ करने पर भविष्य की पीढ़ी को गलत संदेश जाएगा...!



**ठाणे :** ठाणे के एक सिनेमाघर में मराठी फिल्म हर हर महादेव का शो बाधित करने के मामले में दो दिन पहले गिरफ्तार होने वाले महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री जितेंद्र अव्हाड ने कहा है कि इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश करने से आने वाली पीढ़ी को गलत संदेश जाएगा। महाराष्ट्र के ठाणे शहर में शनिवार को एक अदालत से जमानत मिलने के बाद पत्रकारों से बात किया। इस दौरान राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता अव्हाड ने कहा कि फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज के इतिहास को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल मराठा राजा बल्कि राज्य की छवि भी खराब हुई है और इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जितेंद्र अव्हाड और उनके समर्थकों ने सात नवंबर को ठाणे शहर के एक मॉल के अंदर थियेटर में हर हर महादेव का शो जबरन रोक दिया था।

मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com